# कार्यालय आयुक्त, उच्च शिक्षा संचालनालय

**ब्लॉक–3, द्वितीय एवं तृतीय तल, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग.)**

(फोन – 0771–2636413 फैक्स – 0771–2263412)

*Website - www.highereducation.cg.gov.in)*

*(Email - highereducation.cg@gmail.com*


क्रमांक 49 / नि.स. / आउशि / 2024 नवा रायपुर, दिनांक 08 / 07 / 2024

प्रति,

1. प्राचार्य,
   जिला अग्रणी महाविद्यालय।

2. समस्त प्राचार्य
   शासकीय / अशासकीय महाविद्यालय
   छत्तीसगढ़

**विषय : उच्च शैक्षणिक संस्थानों में अध्ययनरत् विद्यार्थियों व प्राध्यापकों से 'विकसित छत्तीसगढ़ मेरे सपने का खुशहाल छत्तीसगढ़' विषय पर निबंध प्रतियोगिता आयोजन के संबंध में।**

संदर्भ : राज्य नीति आयोग छत्तीसगढ़ का पत्र क्र. 1559 / एफ 03 / विकसित छ.ग. 2047 / 2024–25 नवा रायपुर दिनांक 03.07.2024।

––00––

प्रधानमंत्रीजी ने आजादी के अमृतकाल (2047) तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने देशवासियों का आह्वान किया है, जिसके अनुक्रम में राज्य सरकार 2047 तक प्रदेश को विकसित बनाने वचनबद्ध है। राज्य शासन द्वारा **'अमृतकाल : छत्तीसगढ़ विजन@2047'** के लिए विजन डाक्यूमेंट तैयार करने का दायित्व राज्य नीति आयोग को सौंपा गया है। आयोग द्वारा समय–सीमा में विजन डाक्यूमेंट तैयार करने कार्यवाही की जा रही है। विजन डाक्यूमेंट हेतु सुझाव आमंत्रण के लिए विभिन्न स्तर पर कार्यवाहियां व प्रयास किये जा रहे हैं। इसी कड़ी में प्रदेश की युवा पीढ़ी विशेषकर विद्यार्थी वर्ग के रचनात्मक विचार व उनके दृष्टिकोण को निबंध के माध्यम से जानना महत्वपूर्ण है।

नीति आयोग रायपुर से उक्त आशय का निर्देश प्राप्त होने के अनुक्रम में सभी महाविद्यालयों को महाविद्यालय स्तर पर निबंध प्रतियोंगिता आयोजित करने का निर्देश दिया जाता है। सभी महाविद्यालय संलग्न मार्गदर्शिका में दिए गए निर्देशानुसार महाविद्यालय स्तरीय निबंध प्रतियोगिता का आयोजन करें। महाविद्यालय स्तर पर प्रतिभागियों द्वारा निबंध जमा करने की अंतिम तिथि दिनांक 18.07.2024 तक रहेगी। अंतिम तिथि / समय पर प्राप्त सभी निबंधों का मूल्यांकन करवाते हुए दिनांक 20.07.2024 तक 03 सर्वश्रेष्ठ निबंधों को सीलबंद लिफाफे में कवरिंग मेमों के साथ जिला अग्रणी महाविद्यालय में जमाकर पावती प्राप्त करें।

अग्रणी महाविद्यालयों में महाविद्यालय स्तरीय निबंध प्रतियोगिता आयोजित करने के साथ–साथ जिला स्तरीय 03 सर्वश्रेष्ठ निबंध चयन करने का भी कार्य किया जायेगा।

8/7

अतः अग्रणी महाविद्यालय में निम्नानुसार समितियों का गठन किया जायेगा –

1. **महाविद्यालय स्तरीय निबंध मूल्यांकन समिति** – महाविद्यालय के स्टाफ एवं विद्यार्थियों द्वारा अंतिम तिथि तक जमा समस्त निबंधों का मूल्यांकन किया जाकर 03 सर्वश्रेष्ठ प्रविशिष्टियां जिला अग्रणी महाविद्यालय में निम्न प्रारूप में मूल निबंध के साथ जमा करने का कार्य करेगी।

| क्र. | बिन्दु | |
|---|---|---|
| 1. | महाविद्यालय का नाम | |
| 2. | कुल प्राप्त प्रविष्टियों की संख्या | |
| 3. | मूल्यांकन समिति के सदस्यों के नाम एवं हस्ताक्षर | |
| 4. | प्रथम 03 निबंधों के प्रतिभागियों के नाम | |
| 5. | चयनित निबंध की मूलप्रति संलग्न करें | |
| 6. | प्राचार्य का नाम व हस्ताक्षर | |

2. **जिला स्तरीय निबंध मूल्यांकन समिति** – जिले के समस्त महाविद्यालयों से प्राप्त प्रविशिष्टियों का मूल्यांकन करके 03 सर्वश्रेष्ठ प्रविष्टियां विभागाध्यक्ष कार्यालय में निम्न प्रारूप में संचालनालय उच्च शिक्षा में जमा की जायेगी। जिला स्तरीय निबंध मूल्यांकन समिति में महाविद्यालय स्तरीय निबंध मूल्यांकन समिति के सदस्य सम्मिलित नहीं किये जायेंगे।

| **क्र.** | **बिन्दु** | |
|---|---|---|
| 1. | जिले का नाम | |
| 2. | कुल प्राप्त प्रविष्टियों की संख्या | |
| 3. | मूल्यांकन समिति के सदस्यों के नाम एवं हस्ताक्षर | |
| 4. | प्रथम 03 निबंधों के प्रतिभागियों के नाम | |
| 5. | चयनित निबंध की मूलप्रति संलग्न करें | |
| 6. | अग्रणी प्राचार्य का नाम व हस्ताक्षर | |

कृपया उपरोक्तानुसार निबंध प्रतियोगिता का आयोजन सुनिश्चित करते हुए प्रत्येक जिले से 03 सर्वश्रेष्ठ निबंध दिनांक 23.07.2024 तक आयुक्त, उच्च शिक्षा संचालनालय कार्यालय को अनिवार्यतः भेजें।

**संलग्न :– मार्गदर्शिका।**

8/7

**(श्रीमती शारदा वर्मा)**
**आयुक्त**
**उच्च शिक्षा संचालनालय**

पृ.क्रमांक 50 / नि.स. आउशि / 2024 नवा रायपुर, दिनांक 08 / 07 / 2024

प्रतिलिपिः–

1. सदस्य सचिव, राज्य नीति आयोग को सूचनार्थ।
2. विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी उच्च शिक्षा विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन को सूचनार्थ।
3. अतिरिक्त संचालक रायपुर, बिलायपुर, दुर्ग, बस्तर, सरगुजा को सूचनार्थ।
4. श्री आनदं चरपे, सहायक प्रोग्रामर की ओर वेबसाईट में अपलोड करने हेतु।

8/7

(श्रीमती शारदा वर्मा)
आयुक्त
उच्च शिक्षा संचालनालय

# :: निबंध हेतु मार्गदर्शिका ::

**विषय** : विकसित छत्तीसगढ़, मेरे सपने का खुशहाल छत्तीसगढ़।

**शब्द सीमा** : 1500 से 2500 शब्द।

**भाषा** : हिन्दी अथवा अंग्रेजी।

**सामान्य मार्गदर्शिका** : निबंध की संरचना में छत्तीसगढ़ की वर्तमान स्थिति का मूल्यांकन, छत्तीसगढ़ के सामर्थ्य व कमजोरियों को समाहित किया जाना चाहिए। समृद्ध व समावेशी राज्य के रूप में कल्पना और इस हेतु लेखक का दृष्किोण का वर्णन शामिल हो, जिसमें राज्य का औद्योगिक विकास, कृषि वानिकी में सुधार, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा कौशल विकास, गुणवत्तायुक्त स्वास्थ्य व पोषण, बुनियादी ढांचे में सुधार, सामाजिक समावेशन और सुशासन जैसे पहलूओं का विशेष उल्लेख हो। वर्ष 2047 तक लक्ष्य पाने के लिए व्यवहारिक व अभिनव सामाधान का भी उल्लेख निबंध में हो। रचना मौलिक व व्यवहारिक हो।

**प्रस्तुत करने का माध्यम** :

1. निबंध हस्तलिखित प्रारूप में भी स्वीकार किये जायेंगे। किन्तु मूल्यांकन की सुविधा की दृष्टि से प्रतिभागियों से अनुरोध रहेगा कि कंप्यूटर से टाईप करवाकर प्रत्येक पृष्ठ पर हस्ताक्षर एवं स्वयं के नाम के साथ प्रस्तुत करें।
2. उपरोक्त निबंध प्रतिभागीगण सुविधानुसार महाविद्यालय अथवा महाविद्यालय परिसर से बाहर बैठकर लिख सकते हैं। किन्तु महाविद्यालय द्वारा निर्धारित अंतिम तिथि/समय के पूर्व उक्त निबंध लिखकर महाविद्यालय में जमा करके पावती प्राप्त करना अनिवार्य होगा।
3. अंतिम तिथि/समय के बाद जमा की गई प्रविष्टियों का मूल्यांकन नहीं किया जायेगा।

**मूल्यांकन हेतु मापदण्ड** : मूल्यांकन कम से कम 03 विशेषज्ञों के पैनल द्वारा किया जाए एवं मूल्यांकन करते समय निम्न का विशेष ध्यान रखा जाए।

- प्रासंगिकता।
- वर्तमान स्थिति का आंकलन–छत्तीसगढ़ के वर्तमान स्थिति, सामर्थ्य व कमजोरियों का सूक्ष्म विश्लेषण।
- अभिनव दृष्टिकोण का नवाचार।
- अभिनव दृष्टिकोण व व्यवहारिक व समाधान।
- स्पष्ट व सुसंगता– निबंध की तार्किक संरचना, सुसंगता व प्रवाह।
- भाषा व प्रभावशाली प्रस्तुतीकरण।

**पात्रता** : प्रदेश में संचालित शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों में कार्यरत समस्त स्टाफ एवं प्रवेशित विद्यार्थीगण।

**प्रचार–प्रसार** : उपरोक्त मार्गदर्शिका की प्रतियां महाविद्यालय में विभिन्न स्थानों पर प्रदर्शित करके सभी स्टाफ एवं अधिकतम विद्यार्थियों को सूचित करें। इसके अलावा क्लास रूम में घोषणा अथवा बैठकों के माध्यम से भी प्रचार–प्रसार किया जावे।

**प्रविष्टियां जमा करने की अंतिम तिथि** :
महाविद्यालय स्तर पर – 18.07.2024
अग्रणी महाविद्यालय स्तर पर – 20.07.2024
उच्च शिक्षा संचालनालय, रायपुर स्तर पर – 23.07.2024

**मूल्यांकन समिति का गठन**

- सभी शासकीय महाविद्यालय में एक मूल्यांकन समिति का गठन किया जाये। जिसमें 03 सदस्य क्रमशः कला, विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय से रखे जायें।
- अग्रणी महाविद्यालयों में 02 मूल्यांकन समिति होगी। एक महाविद्यालय स्तर निबंधों के मूल्यांकन हेतु और दूसरा सभी महाविद्यालयों से प्राप्त निबंधों के मूल्यांकन हेतु।
- दोनों समितियों के सदस्य पृथक–पृथक रखे जायेंगे।
- समिति में उन प्राध्यापक/सहायक प्राध्यापकों को नहीं रखा जायेगा जो निबंध लेखन प्रतियोगिता में प्रतिभागी होंगे।

8/7